कौटिल्य एकेडमी

www.kautilyaacademy.com IAS·IPS·MPPSC·CJ-II

Current AFFAIRS

इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप मेगा इकॉनोमिक कॉरिडोर

हाल ही में जी-20 की बैठक के दौरान भारत-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकॉनोमिक कॉरिडोर बनाने पर सहमति बनी है।

इस प्रोजेक्ट को चीन के बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव के विकल्प के रुप में देखा जा रहा है।

यह प्रोजेक्ट रेल और शिपिंग कॉरिडोर ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट (PGII) के लिए साझेदारी का हिस्सा है।

इस प्रोजेक्ट में विकासशील देशों में बुनियादी ढांचा को मजबूत करने का है। इस परियोजना में जी-7 देश एक साथ मिलकर एक सहयोगात्मक प्रयास करेंगे।

इस कॉरिडोर को यूरोप, मिडिल ईस्ट और एशिया के बीच रेलवे और समुद्र के जरिए जोड़ा जाएगा।

इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का अहम उद्देश्य कमर्शियल हब को जोड़ना, स्वच्छ ऊर्जा के विकास और निर्यात का समर्थन करना और समुद्र के नीचे केबल बिछाना, ऊर्जा ग्रिड और दूरसंचार लाइनों का विस्तार करना है।

इकॉनोमिक कॉरिडोर में शिपिंग और रेलवे लिंक शामिल होंगे, जिससे भारत और यूरोप के बीच व्यापार 40% तेज हो जाएगा।

इसका उद्देश्य व्यापार को बढ़ावा देना, ऊर्जा संसाधनों का परिवहन और डिजिटल कनेक्टिविटी में सुधार करना है।

इस कॉरिडोर में भारत, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, यूरोपीय संघ, फ्रांस, इटली, जर्मनी और अमेरिका शामिल हैं।

Current AFFAIRS

राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा)

- राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने 'राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन' (नेवा) का उद्घाटन किया।
- राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) के माध्यम से इस सदन के सदस्य संसद और देश की अन्य विधानसभाओं के उत्कृष्ट व्यवहारों से सीख सकते हैं और उन्हें अपना सकते हैं।
- उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि "एक राष्ट्र एक एप्लीकेशन" के लक्ष्य से प्रेरित यह पहल विधानसभा के कामकाज को और गति देगी तथा उसमें पारदर्शिता लाएगी।
- इस कार्यशाला का उद्देश्य सभी राज्य/केंद्र-शासित प्रदेशों के विधानमंडलों को NeVA प्लेटफार्म की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना और प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से सदन की कार्यवाही के संचालन में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जवाबदेही को शामिल करना है।



कौटिल्य एकेडमी
www.kautilyaacademy.com IAS·IPS·MPPSC·CJ-II

- राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (NeVA) भारत सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत 44 मिशन मोड परियोजनाओं में से एक है।
- NeVA, सदन के अध्यक्ष को सदन की कार्यवाही को सुचारु रुप से संचालित करने और सदन के विधायी कार्य को कागज रहित संचालित करने में मदद करती है।
- NeVA में एक वेबसाइट और एक मोबाइल ऐप शामिल है।
- राज्यों और केंद्रशासित प्रदशों में NeVA के कार्यान्वयन के लिये संसदीय कार्य मंत्रालय, 'नोडल मंत्रालय' है।

कौटिल्य एकेडमी
www.kautilyaacademy.com IAS·IPS·MPPSC·CJ-II

केरल में निपाह वायरस

- हाल ही में केरल के कोझिकोड जिले में राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान, पुणे को भेजे गये नमूनों में तीन लोगों में निपाह वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई है।
- पिछले महीने 30 तारीख को जिस व्यक्ति की मृत्यु हुई थी, वह भी इस वायरस से संक्रमित था।
- सेंटर फ़ॉर डिसीज़ कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार इस वायरस के बारे में सबसे पहले 1998 में मलेशिया के कम्पंग सुंगाई निपाह से पता चला था जहां से इसका नाम निपाह वायरस पड़ा।
- उस वक्त कुछ सुअर के किसानों को मस्तिष्क में बुखार हुआ था इसलिए इस गंभीर बीमारी के वाहक सुअर थे. सिंगापुर में भी इसके बारे में 1999 में पता चला था।

Current AFFAIRS

- निपाह वायरस को World Organisation for Animal Health (OIE) Terrestrial Animal Health Code में सूचीबद्ध किया गया है
- सबसे पहले सुअर, चमगादड़ या अन्य जीवों को प्रभावित करता है और इसके संपर्क में आने से मनुष्यों को भी चपेट में ले लेता है।
- साल 2004 में बांग्लादेश और 2001 में भारत के कुछ लोग सबसे पहले इस वायरस की चपेट में आए थे।
- वायरस Paramyxoviridae family का सदस्य है जो कि जानवर से फलों में और फलों के जरिए व्यक्तियों में फैलता है और साथ ही ये हेंड्रा वायरस से भी संबंधित है।
- CDC के मुताबिक निपाह वायरस का इंफ़ेक्शन इंसेफेलाइटिस से जुड़ा है, जिसमें दिमाग़ को नुक़सान होता है।

Current AFFAIRS